हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 11 सितंबर 2024

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

11 कार्यकर्ताओं ने दोगुने सदस्य बनाने का लिया संकल्प



12 परिस्थितियों को अनुकूल बनाकर मेहनत करने वालों को मिलती है ...





REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-11/09/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

### महानदी परियोजना के तीन बांध लबालब, बारिश थमने से बाढ़ का खतरा टला

# गंगरेल बांध के 9 गेट खुले, महानदी उफान पर

## गंगरेल बांध में सुबह 8 बजे 1.40 लाख क्यूसेक पानी की आवक दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सोमवार को जिले में हुई भारी वर्षा से अंचल पानी-पानी हो गया है। गंगरेल बांध में 1.40 लाख क्यूसेक रिकार्ड पानी की आवक दर्ज की गई है। मंगलवार को गंगरेल बांध के 9 गेट से 50 हजार क्यूसेक पानी महानदी में छोड़ा जा रहा है जिससे महानदी उफान पर है। इधर माड़मसिल्ली बांध के लबालब होते ही सायफन गेट खुल गए हैं। दुधावा बांध भी खतरे के निशान के करीब है। दुधावा से भी 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि बंगाल की खाड़ी में अवदाब का केंद्र बनने के बाद मौसम विज्ञान विभाग ने धमतरी जिले में अतिभारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया था। दोपहर 3 बजे के बाद जिले में बारिश की गतिविधि तेज हो गई। रातभर हुई ताबड़तोड़ बारिश से अंचल तरबतर हो गया । भू-अभिलेख शाखा ने सोमवार की सुबह 8 बजे से मंगलवार सुबह 8 बजे तक धमतरी तहसील में 141.05 मिमी वर्षा का रिकार्ड दर्ज किया है, जो तहसील में 24 घंटे के भीतर अतिभारी वर्षा का पिछला रिकार्ड तोड़ दिया है।



### धमतरी तहसील में वर्षा का रिकार्ड टूटा

भू -अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी तहसील में सोमवार सुबह 8 बजे से मंगलवार सुबह 8 बजे तक रिकार्ड 140.05 मिमी बारिश हुई है। तहसील में 24 घंटे के अंदर अतिभारी वर्षा का रिकार्ड टूटा है। कुकरेल तहसील में 128 मिमी, भखारा में 117.3 मिमी, बेलरगांव में 67 मिमी, कुरूद में 52.2 मिमी, मगरलोड में 68.3 मिमी तथा नगरी तहसील में 42.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### बांध में क्षमता का 97.28 प्रतिशत जलभराव

सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगरेल बांध में मंगलवार दोपहर 2 बजे 31.417 टीएमसी जलभराव पाया गया है। इस दौरान बांध में पानी की आवक 1.29 लाख क्यूसेक दर्ज की गई है। बांध में क्षमता का 97.28 प्रतिशत जलभराव है। गंगरेल बांध की केपिसिटी 32.150 टीएमसी है। माड़मसिल्ली बांध की क्षमता 5.839 टीएमसी है। यहां 5.978 टीएमसी जलभराव के साथ 120.39 प्रतिशत पानी भरा है। बांध में 11.881 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। वहीं सायफन गेट से 9382 तथा हेड रेग्युलेटर गेट से 2 हजार क्यूसेक पानी की निकासी हो रही है। दुधावा बांध की क्षमता 10.92 टीएमसी है। दुधावा में 98.80 प्रतिशत पानी जमा है। आवक 20783 क्यूसेक तथा जावक 20664 क्यूसेक हो रही है। सोंढूर डैम का जलभराव 74.76 प्रतिशत है। यहां पानी की आवक 2686 तथा जावक 6961 क्यूसेक हो रही है।

### 24 घंटे में 8 टीएमसी पानी की आवक



गंगरेल कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को 11 बजे गंगरेल बांध में 23.658 टीएमसी जलभराव था। बांध के तीन गेट से 7189 क्यूसेक पानी सिंचाई के लिए छोड़ा जा रहा था। पानी की आवक 13299 क्यूसेक हो रही थी। इस समय बांध में 68.63 प्रतिशत जलभराव था। सोमवार की दोपहर 2 बजे पानी की आवक बढ़कर 46470 क्यूसेक हो गई। शाम 5 बजे तक आवक 70400 क्यूसेक पर पहुंच गई। मंगलवार की सुबह 6 बजे पानी की आवक बढ़कर 84600 क्यूसेक, 7 बजे 120520 क्यूसेक, 8 बजे रिकार्ड 140124 पर पहुंच गई। पानी की रिकार्ड आवक को देखते हुए सिंचाई विभाग अलर्ट पर आ गया। महानदी किनारे के गांवों में महानदी का पानी छोड़ने जाने की मुनादी होने लगी। मुड़पार, अछोटा, कोलियारी, अमेठी, जवरगांव, कलारतराई आदि गांवों में नदी किनारे न जाने तथा मवेशियों को न ले जाने का अनाउसमेंट किया गया। ठीक 11.30 बजे गंगरेल बांध के 6 गेट से 23922 क्यूसेक पानी महानदी में डिस्चार्ज किया गया। 1.15 बजे डिस्चार्ज की मात्रा बढ़ाकर 9 गेट के माध्यम से 49500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। दोपहर 2 बजे तक बांध में पानी की आवक घटकर 129211 क्यूसेक हो गई थी। सहायक इंजीनियर दीक्षा देवांगन ने बताया कि कैचमेंट एरिया में बारिश थमने की खबर है। पानी की आवक घटने लगी है। संभवतः पानी डिस्चार्ज की मात्रा को और बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। महानदी में 50 हजार क्यूसेक पानी छूटने से नदी उफान पर है, लेकिन बाढ़ आने का खतरा नहीं है।

## खबर संक्षेप

### मोंगरागहन में जनसमस्या निवारण शिविर 12 को

**धमतरी**। जिले में लोगों की समस्या, मांग और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। धमतरी विकासखण्ड के ग्राम मोंगरागहन में 12 सितम्बर को जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने उक्त शिविर में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### राजपूत क्षत्रिय समाज का परिचय सम्मेलन 16 को

**धमतरी**। राजपूत क्षत्रिय विवाह मंच छग के तत्वावधान में 16 सितम्बर सोमवार को राजपूत क्षत्रिय समाज भवन इतवारी बाजार धमतरी में प्रदेश स्तरीय वर वधु विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। पंजीयन की अंतिम तिथि 14 सितम्बर है। आयोजन की तैयारी में नवीन सिंह राजपूत, खुमान सिंह ठाकुर समेत अन्य जुटे हैं।

### जिले में अब तक 973 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**धमतरी**। जिले में एक जून से अब तक 973.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी तहसील में 959.8 मि.मी., कुरूद तहसील में 827.3 मि.मी., मगरलोड में 746.3 मि.मी., नगरी तहसील में 1221.2 मि.मी., भखारा में 766.8 मि.मी., कुकरेल तहसील में 1057.6 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 1235.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में मंगलवार की औसत वर्षा 88.2 मि.मी. दर्ज की गई है।

### भोथली में डे-नाइट कबड्डी स्पर्धा आज

**नगरी**। गणेश चतुर्थी पर ग्राम भोथली में एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शिव शक्ति क्रीड़ा समिति भोथली एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जपं नगरी करेंगी। अध्यक्षता दुर्गेश्वरी पालेश्वर सरपंच भोथली करेंगी। विशेष अतिथि श्यामंत बिसेन जनपद सदस्य भैंसामुड़ा नगरी, महेंद्र नेताम सरपंच मुनईकेरा, यशवंत यादव अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोथली, कमलेश साहू अध्यक्ष बाल मंडली भोथली, डां झलेनदर साहू उपस्वास्थ्य केंद्र भोथली, प्रेमलाल नेताम, अमरसिंह नेताम, हीरालाल सोरी होंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10,000, द्वितीय 7000, तृतीय 5000, चतुर्थ पुरस्कार 3000 रूपए रखा गया है। प्रवेश शुल्क 301 रूपये है। यह जानकारी जसवंत यादव अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोथली ने दी है।

# बिजली गिरने से पेड़ के दो टुकड़े हुए



- पीडब्ल्यूडी आफिस परिसर में हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

तेज बारिश के बीच गरज-चमक के साथ अचानक बिजली पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर के पेड़ पर गिर गई। इस घटना में पेड़ के दो टुकड़े हो गए हैं।

बीते दो दिनों से बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सोमवार को भी रूक-रूककर तेज बारिश हुई। इसी दौरान शाम को तेज गर्जना के साथ अचानक बिजली कड़की और रत्नाबांधा रोड स्थित पीडब्ल्यूडी आफिस परिसर स्थित सिरसा के पेड़ पर गिर गई। बिजली गिरने से पेड़ के दो टुकड़े हो गए। वहीं पेड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर वहां से गुजरे बिजली के केबल वायर पर गिर गया। दोपहर से बारिश का सिलसिला जारी रहने के कारण सभी कर्मचारी आफिस के भीतर थे जिसके कारण किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। बिजली कड़कने की तेज आवाज सुन कर्मचारी दहशत में आ गए। कर्मचारियों ने बताया कि घटना के बाद पूरे आफिस में धुआं भर गया था। बाद में कर्मचारियों को बुलाकर बिजली केबल पर गिरे पेड़ के मोटे हिस्से को काटकर अलग किया गया।

### न्यायालय परिसर का पेड़ गिरा



लगातार हो रही बारिश से जिला न्यायालय परिसर स्थित गुलमोहर का पेड़ धराशायी हो गया। पेड़ गिरने से मार्ग अवरूद्ध हो गया था। इसकी सूचना नगर सेना को दी गई। होमगार्ड की आपदा राहत के जवानों ने मौके पर पहुंचकर पेड़ को काटकर मार्ग से हटाया।

## आज विश्व दिग्विजय दिवस पर कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**धमतरी**। 11 सितंबर 1893 को शिकागो के धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद द्वारा दिए गए ऐतिहासिक भाषण से पूरे विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है। इस दिन को विश्व दिग्विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर विवेकानंद यूथ सर्किल जिला धमतरी द्वारा पीजी कालेज धमतरी, कुरूद कालेज, कण्डेल कालेज एवं मगरलोड कालेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 3000 रूपए एवं प्रतीक चिन्ह, द्वितीय पुरस्कार 2000 रूपए एवं प्रतीक चिन्ह तथा कालेज स्तर पर प्रथम आने प्रतिभागी को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जाएगा। परीक्षा में भाग लेने आनलाइन एवं आफलाइन पंजीयन किया जा रहा है। अभी तक लगभग पांच सौ प्रतिभागियों का पंजीयन हो चुका है।



# कोटगांव सरपंच को मिला धमकी भरा पत्र, मांगी सुरक्षा

- 3 सितंबर की रात को भी अज्ञात व्यक्ति ने सरपंच पर किया था प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

कोटगांव के सरपंच एवं उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भरा पत्र मिला है। धमकी भरा पत्र मिलने से सरपंच का परिवार दहशत में हैं। ज्ञात हो कि 10 सितंबर को डाकघर दरबा के माध्यम से यह धमकी डाक पत्र प्राप्त हुआ है। इसमें आपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है साथ ही पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है।



हेमलाल साहू

सरपंच हेमलाल साहू ने पुलिस चौकी बिरेझर में आवेदन देते हुए बताया कि सोमवार की रात को ग्राम कोटगांव डीजे डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम रखा गया था जिसकी आड़ में हमलावर ने सरपंच हेमलाल साहू को जान से मारने की धमकी दी है। पूर्व में भी अज्ञात व्यक्तियों ने डंडा और गंडासा से प्राणघातक हमला किया था। अब हमलावर दोबारा हमला करने खुलेआम पत्र के माध्यम से धमकी दे रहे हैं। मेरे परिवार को धमकाया और डराया जा रहा है। सरपंच ने सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। ज्ञात हो कि 3 सितंबर की रात्रि करीब 9 बजे 3 अज्ञात लोगों ने राड व डंडे से कोटगांव सरपंच पर प्राणघातक हमला किया था। बिरेझर पुलिस अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 331 (6), 296, 115, (2), 351, (2), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही है।

# कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनने उमड़ रहे श्रोता



- वृंदावन के आनंद कृष्ण ठाकुर महाराज को सुनने दूर-दूर से पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खाटू श्याम मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रोता पहुंच रहे हैं। बृजभूमि श्रीधाम वृंदावन से पहुंचे आनंद कृष्ण ठाकुर महाराज ने मंगलवार को अपनी सुमधुर वाणी से कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई।

चतुर्थ दिवस प्रहलाद चरित्र की कथा में नवधा भक्ति का ज्ञान बताया। उन्होंने जीवन में मर्यादा की महत्ता बताई। कहा कि जब धर्म की हानि होती है तब भगवान धर्म की रक्षा के लिए प्रकट होते हैं। कथा के दौरान भक्तिमय गीत संगीत से श्रोता सराबोर नजर आए। संगीत के साथ श्रोता ताली बजाते तथा नाचते झूमते नजर आए। गोयल परिवार की ओर से आयोजित पितृ भागवत कथा में बुधवार को कृष्ण बाललीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, गुरुवार को गोपी उद्धव संवाद, रूक्मणि विवाह, शुक्रवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, व्यास पूजन कथा समाप्ति तथा शनिवार को 6 बजे यज्ञ हवन तथा पूर्णाहुति होगी।





# महिला सरपंच का काम पति या देवर नहीं कर सकता

- महिला आयोग अध्यक्ष ने दो टूक में कहा कि लिव इन रिलेशनशिप हमारी संस्कृति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महिला सरपंच की जगह उनके पति या देवर को अधिकार नहीं है कि वह सरपंचगिरी करे। यदि महिला सरपंच का रिश्तेदार ऐसा करता है तो कोई भी वोटर या पंच इसके लिए आवाज उठा सकता है। यह बातें महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक ने जनसुनवाई के दौरान कही। जनसुनवाई में ऐसा ही एक केस आया था।

मंगलवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में छग राज्य महिला आयोग की जनसुनवाई आयोजित की गई। इस जनसुनवाई में 26 मामले रखे गए थे। आयोग अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक ने बारी-बारी से सभी मामलों को सुना। एक मामले में महिला सरपंच ने सभी पंचों के खिलाफ आवेदन किया था। इस मामले की जांच कलेक्टर ऑफिस से की गई थी। जिसमें पाया गया था कि महिला आरक्षण पर चुनाव लड़कर महिला सरपंच बनी है। महिला के सरपंच बनने के बाद से ग्राम पंचायत का पूरा काम, हिसाब किताब उसका देवर देखता है। ठेका, खरीदी सभी उसके नियंत्रण में हैं। इस मामले में दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद मामला नस्तीबद्ध कर दिया गया।

आरक्षक पर शोषण का आरोप

एक मामले में आवेदिका ने नगरी थाना में डीआरजी में पदस्थ एक आरक्षक पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था। आवेदिका ने आयोग को बताया कि आरक्षक ने उसे मंगलसूत्र पहनाया है और वे शादीशुदा की हैसियत से रहते हैं। यह मामला कोर्ट चल रहा है जिसके चलते प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया। आयोग की अध्यक्ष डॉ नायक ने इस संदर्भ में कहा कि आजकल युवाओं में लिव इन रिलेशनशिप के मामले आ रहे हैं। यह हमारी संस्कृति नहीं है। भारत में विवाह की संस्कृति है। दम्पति कोर्ट से विधिवत विवाह करें जिसके लिए उन्हें कलेक्टोरेट में आवेदन करना होगा या फिर परंपरा के अनुसार शादी करे।



### 30 साल से समाज से रखा गया है अलग

एक महिला ने वर्ष 1988 में अंतर्जातीय विवाह किया था। आज बच्चे बड़े हो गए हैं और विवाह योग्य हैं। आज तक पति के समाजवालों ने उन्हें समाज में नहीं मिलाया है। समाज में मिलने के लिए जो दंड का प्रावधान है, वे उसे पटाने के लिए तैयार हैं। समाज प्रमुखों ने अंतर्जातीय विवाह करने वाले अन्य लोगों को समाज में शामिल कर लिया है लेकिन उन्हें समाज में नहीं जोड़ा जा रहा है। इस मामले में उपस्थित समाजजनों को एक माह के भीतर प्रक्रिया पूरी कर आवेदिका के परिवार को समाज में जोड़ने के लिए कहा गया है।

### एक का मकान तोड़ा अब होगी सभी की जांच

अन्य मामले में एक महिला ने ग्राम प्रमुखों पर घर तोड़ने का आरोप लगाया था। सुनवाई के दौरान पता चला कि आवेदिका का मकान शासकीय भूमि पर बना था। तहसीलदार, आरआई, पटवारी की नापजोख के बाद उनकी उपस्थिति में मकान तोड़ा गया है। आवेदिका ने बताया कि गांव के पांच लोगों का मकान भी सरकारी जमीन पर है। इस मामले में महिला आयोग ने आवेदिका को प्रकरण की प्रति निःशुल्क प्रदान की, जिससे वह कलेक्टर को लिखित शिकायत प्रस्तुत कर सके। इसके बाद गांव के सभी अतिक्रमण की जांच होगी। यह मामला नस्तीबद्ध किया गया।

### आयोग में बढ़े मामले

महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि उनकी अध्यक्षता में यह 277 वीं सुनवाई थी। धमतरी जिले की यह 6 वीं सुनवाई थी। आयोग अध्यक्ष के रूप में उनका 4 साल पूरा हो गया है। अब तक उन्होंने 4 हजार से ज्यादा मामलों की सुनवाई की है। 2 हजार मामले पेंडिंग हैं। जितने मामले आयोग में आते हैं, उसमें करीब 50 प्रतिशत सिर्फ रायपुर के होते हैं। उन्होंने बताया कि उनके कार्यभार सम्हालने बाद महिला आयोग को लेकर लोग जागरूक हुए हैं। महिलाएं शिकायत करने सामने आ रही हैं।

### मानसिक रोगी को भेजा गया अस्पताल

मानसिक रूप से बीमार पति की प्रताड़ना से तंग आकर एक महिला ने आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। बीमार पति कोई काम नहीं करता है और उपर से उसकी दो बेटियों को प्रताड़ित करता है। मायका और ससुराल वाले उसकी मदद को नहीं आते हैं। इस प्रकरण में अनावेदक की जांच एवं इलाज शासकीय मनोरोग चिकित्सालय सेंदरी या बिलासपुर में कराए जाने की सिफारिश की गई। तत्काल आयोग अध्यक्ष डॉ नायक ने पुलिस अधीक्षक धमतरी से टेलीफोनिक चर्चा की और आरक्षक के संरक्षण में उसे अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था करवाई। दो माह के अंदर रिपोर्ट करने के निर्देश के साथ प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया है।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### भगवान गणेश की सेवा में लीन हुए भक्त

**नगरी।** गणेश चतुर्थी पर ग्राम सांकरा के वार्ड क्रमांक 16 पटेल निवास में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की विधि-विधान से स्थापना की गई है। भक्त भगवान की पूजा-अर्चना में लीन हैं।सिद्धि विनायक गणपति से विश्व की कल्याण की कामना की।

### किराना दुकान से सामान एवं नकदी की चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के किराना दुकान से सामान और नगद रकम की चोरी की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वार्ड नं. 11 बागबाहरा निवासी परेश परमार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि 8 सितंबर को वह अपने किराना दुकान को रात करीब 8:40 बजे बंद कर घर चला गया था। अगले दिन सुबह 8 बजे आकर दुकान खोलकर देखा तो सभी किराना सामान एवं पैसे की पेटी बिखरा हुआ पड़ा था और छत का टिन कटा हुआ था। दुकान से नगदी रकम लगभग 5000 रुपए एवं किराना सामान कीमत लगभग 1500 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### बाइक की टक्कर से पति-पत्नी घायल

**महासमुंद।** छिलपावन में बाइक की टक्कर से पति-पत्नी घायल हो गए। पटेवा पुलिस ने प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को प्रार्थिया भूमिका भारती पति पुनेश भारती निवासी ग्राम नवापारा ने बताया कि सुबह 9 बजे अपने पति पुनेश भारती के साथ मोटर सायकल बजाज प्लेटिना क्रमांक सीजी 06 जीजेड 5188 में पैसा निकालने च्वाईस सेंटर छिलपावन गए थे। वापस लौटते समय करीब दस बजे छिलपावन-बागबाहरा रोड बिजली आफिस के पास बाइक क्रमांक सीजी 06 जीजेड 2326 के चालक ने हमारी बाइक को टक्कर मार दिया। एक्सीडेंट से पुनेश भारती के सिर एवं दाहिने हाथ में चोट आया है तथा मेरे बांये हाथ में चोट आई है तथा मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

### एम्बुलेंस चालक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** फ्यूल पंप में डीजल भराने गए डॉयल 108 के ड्राइवर के साथ एक व्यक्ति ने जमकर मारपीट कर दी। प्रार्थी ने आरोपी के खिलाफ बागबाहरा थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को डिगेंद्र सिंह ठाकुर पिता नोहर सिंह ठाकुर निवासी ग्राम घोहिनाबाहरा थाना कोमाखान ने बताया कि डायल 108 चालक के पद पर शासकीय अस्पताल कोमाखान में कार्यरत हूं। 9 सितंबर को 12 बजे मैं एवं महिला नर्स ईश्वरी निषाद के साथ ग्राम नर्रा से मरीज को शासकीय बागबाहरा अस्पताल लेकर आया। मरीज को अस्पताल में भर्ती कर करीबन 2 बजे डायल 108 वाहन में डीजल डलवाने के लिए भागवन दास पेट्रोल पंप गया, जहां एक व्यक्ति को बोला कि थोड़ा साइड दे दो तो वह व्यक्ति मैं नही हटूंगा, दूसरी साइड लगा। इस पर प्रार्थी ने कहा दूसरे साइड बड़ी गाड़ी खड़ी है उधर नहीं लगा सकता, तब उस व्यक्ति ने मुझे गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करना चालू कर दिया। साथ ही उसने अपने दांत से मेरे दाहिने हाथ की कलाई के पास काट दिया और मेरे कपड़े को फाड़ दिया। बाद में उस व्यक्ति के बारे में लोगों से पता करने पर आरोपी का नाम टूकेश्वर चंद्राकर शिव शक्ति ट्रेडर्स बागबाहरा में काम करना बताया गया।

घुरावड़-अमलीनाला नाले में पुल का ग्रामीण कर रहे इंतजार

# नाले में पुल नहीं बनने से ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

तहसील मुख्यालय बेलरगांव से 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत घुरावड़ और आश्रित ग्राम अमाली के बीच स्थित नाले में पुल नहीं बनने से ग्रामीणों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कई बार आवेदन दिए, फिर भी विकास कोसों दूर है। पूर्व विधायक डा. लक्ष्मी धुव ने इस क्षेत्र का 2018-19 में दौरा किया था। उन्हें ग्रामीणों ने इस नाले पर पुल निर्माण कार्य करवाने का आवेदन दिया था। विधायक ने ग्रामीणों की मांग को सहर्ष स्वीकार किया और पुल निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। लेकिन आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा। बरसात के दिनों में स्कूली बच्चों, ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। खेती किसानी, स्वास्थ्य सुविधा, राशन पानी अन्य सुविधाओं के लिए संपर्क टूट जाता है। यहां की आम जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है।

ग्राम पंचायत घुरावड़ की सरपंच बरनी बाई मंडावी, उपसरपंच मोहन मरकाम ग्रामीण तिलक राम नेताम मरकाम, बिदेराम नेताम, अलखराम कोर्राम, हेमराज नेताम, हरि भंडारी ने बताया कि ग्रामीण इस नाले पर पुल की मांग कई वर्षों से कर रहे हैं। लेकिन जनप्रतिनिधियों ने आज तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। 23 अगस्त 2024 को ग्रामवासियों ने पुल एवं गांव की समस्या बताने के लिए विधायक अंबिका मरकाम को आमंत्रण दिया था। लेकिन विधायक के नहीं आने पर ग्रामीण मायूस हो गए। पुल की मांग करने वालों में शिवचरण मरकाम, अशोक कोर्राम, सीताराम नेताम, बृजलाल यादव, रामसरूप मरकाम, रिसाहूराम कोर्राम, गुलाब मरकाम, मंगलराम मंडावी, देवकरण नाग, कमलेश नाग, अमिन मरकाम, कृष्ण नेताम, रूपलाल यादव, शिवप्रसाद मरकाम, अजय कोर्राम, अनूप कोर्राम वार्ड पंच, बिबलाबाई नेताम, लीलेश्वरी मरकाम, सरिता मरकाम, पर्वती नेताम शामिल हैं।





## बारिश से विशालकाय पेड़ गिरा, आवागमन अवरुद्ध



**नगरी।** लगातार बारिश से चारगांव जबर्रा खरका मार्ग में एक विशालकाय पेड़ गिरने से आवागमन अवरुद्ध हो गया है। आने-जाने में परेशानी उत्पन्न हो रही है। लोगों का कहना है कि पेड़ दो-तीन दिन से गिरा हुआ है, मगर इस हटाने विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों को कीचड़ पार कर आना-जाना करना पड़ रहा है। चारपहिया गाड़ियों के पहिये थम चुके हैं। वहीं विभागीय अधिकारी से इस संबंध में जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है। जानकारी लेकर कर्मचारियों को वहां से पेड़ हटवाने को कहता हूं।

## गट्टासिल्ली से करैहा मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे

- राहगीरों, स्कूली छात्रों को हो रही काफी परेशानी, कई लोग हुए दुर्घटना के शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



गट्टासिल्ली क्षेत्र में रुक-रुककर हल्की व तेज बारिश हो रही है, जिससे खराब सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। गट्टासिल्ली से करैहा मार्ग काफी जर्जर हो चुका है। सड़क पर बने बड़े- बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भर गया है जिससे राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है वहीं दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई रहती है। गट्टासिल्ली क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से रोज रुक-रुककर तेज गर्जना के साथ बारिश हुई है जिससे गड्ढों में पानी भर गया है। गट्टासिल्ली मार्ग में पढ़ने वाले बच्चे रोज आवागमन करते हैं। इस मार्ग में गड्ढों में बारिश का पानी भर गया है। लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इसके चलते मार्ग पर आवागमन करना स्कूली बच्चों व करैहा सहित आसपास के लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। इस मार्ग में स्थानीय जनप्रतिनिधि आवागमन करते हैं। उसके बाद भी मार्ग मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## भजन कीर्तन के साथ मनाई ऋषि पंचमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम बेलरगांव, अमलीपारा, चालीपारा, मुड़ापारा समेत कई गांवों में भजन कीर्तन के साथ धूमधाम से ऋषि पंचमी मनाई गई। भक्तगण सुबह से जंगल में जड़ी-बूटी की खोज के लिए निकल गए। जड़ी-बूटी -की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर मंदिर में रखा। सभी गुरु चेला मंदिर में एकत्रित होकर बारी-बारी से पूजा की और मंत्र का उच्चारण किया। भगवान को जड़ी-बूटी का भोग लगाकर सभी भक्तों को इसे प्रसाद के रूप में वितरण किया गया।

मौके पर फागुराम साहू, टीकम साहू, राधेश्याम साहू, पुरूषोतम साहू, भंवरलाल साहू, उमेश साहू, गाड़ाराय साहू, कमेश्वर देवांगन, नारद साहू, राज साहू, संतराम नेताम, सुरेश कोर्राम, प्रताप मराकाम, उमेंद मरकाम, केवल साहू, एकांत भारती, शिवम देवागन, बलराम भारती, हुलेश्वर साहू, सतीष निषाद, मनीष साहू, नरेंद्र साहू, सोनू देवांगन उपस्थित थे।



## छात्रों को जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

- कुंडेल स्कूल में हुआ जोन स्तरीय जल जगार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडेल में जोनस्तरीय जल जगार कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सौरभ देवांगन व अतिथि प्राचार्य वासुदेव ठाकुर, किशोर कुमार जांगड़े थे। अध्यक्षता संतोष कुमार साहू, संतोष सिन्हा और महेश कुमार साहू ने की।

किशोर कुमार जांगड़े ने बताया कि जिला प्रशासन धमतरी के मार्गदर्शन में गांव में जलजगार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दिशा में ग्रामीणों में जल संरक्षण, फसल चक्र परिवर्तन और कीटनाशक के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है। श्री जांगड़े और हलधर साहू ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पेन भेंट किया। संतोष कुमार साहू ने प्रतिभागी बच्चों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया। प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलौरी के प्रतिभागी प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दिनेश कुमार साहू ने किया।

इस अवसर पर श्री देवांगन, महेश साहू, दिनेश कुमार साहू, ममता साहू, खिलेश्वरी बनपेला, योगेश निषाद, जयप्रकाश पांडे, रामेश्वरी साहू, दीपक कुमार साहू, देवचरण साहू, नीलकंठ साहू, लक्ष्मी सिन्हा, रामेश्वरी साहू समेत प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## आत्मानंद स्कूल में पात्र 37 छात्राओं को मिली साइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना निःशुल्क सरस्वती साइकहल योजना के अंतर्गत पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसमुंडी में पात्र 37 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। भाजपा के प्रदेशस्तरीय सदस्य शत्रुघ्न साहू ने गुरू की महिमा पर प्रकाश डाला। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डीहू राम साहू ने पात्र हितग्राही छात्राओं का तिलक चंदन लगाकर साइकिल प्रदान की।

मौके पर पूर्व बीइओ एनआर साहू, नीतू खिलावन साहू अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड, दुर्गा साहू पार्षद, लक्ष्मी पाण्डेय, बिसुन साहू पार्षद, घनश्याम साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष भैंसमुंडी, तीरथराम साहू, विमल कुमार ध्रुव, द्रोपदी साहू समेत विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे। प्राचार्य एके ध्रुव ने आभार प्रकट किया।

## भाजपा के सदस्यता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

दो सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व 3 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद भारतीय जनता पार्टी अपने सदस्यता अभियान को लेकर बेहद गंभीरता से कार्य कर रही है। कुरूद विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर भी नमो एप से ऑनलाइन भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर अपने रिफलर आईडी क्यू9सीएफयू6 के माध्यम से अपने विधानसभा क्षेत्र में डोर टू डोर संपर्क कर अन्य लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवा रहे हैं।

विधायक श्री चंद्राकर ने हरितालिका तीज को नगर पंचायत कुरूद, गणेश चतुर्थी को नगर पंचायत भखारा के बाद लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के बूथों तक पहुंचकर भाजपा का सदस्य बनने लोगों से आग्रह कर कार्यकर्ताओं को इस अभियान में जोर शोर से भिड़ने प्रेरित कर रहे हैं। वे अपने विधानसभा के प्रत्येक बूथ में 500 सदस्य बनाने का लक्ष्य देकर कार्यकर्ताओं को लगातार चार्ज कर रहे हैं।

### विधायक अजय चंद्राकर नया सदस्य बनाने कर रहे डोर टू डोर संपर्क



#### कुरूद विस में एक लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य

विधायक श्री चंद्राकर के साथ सदस्यता अभियान में जुड़े आनंद यदु, होरी लाल, पुष्पेंद्र, छत्रपाल बैस ने बताया कि एक-एक बूथ में 500 सौ सदस्य बनाना है। हर कार्यकर्ता, पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बूथ स्तर तक पहुंचकर सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाना है। भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर संवाद स्थापित करेंगे और भाजपा की ज्यादा से ज्यादा सदस्यता ग्रहण करवाएंगे। कुरूद विधानसभा में इस बार डेढ़ लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा का बल कार्यकर्ता है और संगठन को मजबूती देने नया सदस्य बनाने कर्मठता से पूरी शक्ति लगायें। उन्होंने बूथ स्तर पर निवासरत लोगों से सदस्य बनने का आग्रह किया और राष्ट्र की सतत सेवा में भाजपा से जुड़कर आगे आने कहा।

इस दौरान श्री चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र के निर्माण के लिये कार्य करती है। देश के वैभव को शिखर तक पहुंचाने अधिक से अधिक लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

उन्होंने कुरूद, भखारा, सिर्री, मगरलोड में भानु चंद्राकर, झागेश्वर ध्रुव, गौकरण साहू, कृष्णकांत, भूपेंद्र चंद्राकर, तिलोक जैन, भोजराज, कुलेश्वर, कमलेश, रामस्वरूप, हरख जैन, रामगोपाल, गौतम जैन, विरेंद्र साहू, श्याम साहू आदि भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चर्चा की और भाजपा सदस्यता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेकर निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने कहा।

भगवान भरोसे चल रहा स्कूल, शिक्षकों के आने-जाने का कोई समय नहीं

# अपनी मर्जी के मालिक हो गए खरका के शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड के अंतिम छोर ग्राम पंचायत जबर्रा के आश्रित ग्राम खरका में प्राथमिक शाला संचालित है। यहां दो शिक्षक कार्यरत हैं। हरिभूमि प्रतिनिधि ने देखा कि यहां दोपहर 2 बजे ताला लटक रहा था। पूछने पर रसोईया ने बताया कि यहां दर्ज संख्या 18 है। छात्रों को मध्यान्ह भोजन खिलाकर शिक्षक घर चले गए। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में शिक्षक श्री नाग अपने समय पर आना-जाना करते थे। बच्चे को अच्छे से पढ़ाते थे। दो शिक्षक गरियाबंद जिले से आते हैं। बारिश के दिनों में नदी में बाढ़ आने के कारण शिक्षक स्कूल नहीं पाते। विभागीय अधिकारी की उदासीनता के चलते शिक्षकों के आना-जाना का समय ही नहीं है। वे अपनी मर्जी के मालिक हो गए हैं। अधिकारी स्कूलों का दौरा नहीं कर रहे हैं जिसके कारण यह स्थिति है।

इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर साहू ने बताया गया कि इस मामले पर संज्ञान लेकर आगे की कार्रवाई की जायेगी।





## नत्थूजी जगताप स्कूल में शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शिक्षक दिवस पर शासकीय नत्थूजी जगताप नगर पालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह हुआ। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री पोयाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम अपने गुरूओं के मार्गदर्शन में ही इस मुकाम को हासिल किए हैं। इस विद्यालय में इतने अच्छे गुरू हैं, जिनके उचित मार्गदर्शन, कड़ी मेहनत से आप आपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस अवसर पर आयुक्त ने प्रथम स्थान प्राप्त स्काउट गाइड का शील्ड प्राचार्य डॉ. श्रीमती अन्नपूर्णा सिन्हा को प्रदान किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### मुजगहन में सदस्यता अभियान को लेकर हुई भाजपा की बैठक

# कार्यकर्ताओं ने दोगुने सदस्य बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय जनता पार्टी सितंबर माह के प्रारंभ से सदस्यता अभियान चला रही है। पूरे छत्तीसगढ़ में 50 लाख सदस्य बनाने का पार्टी ने लक्ष्य निर्धारित किया है। धमतरी जिले में भी सदस्यता अभियान शत-प्रतिशत मतदान केंद्रों तक पहुंच चुका है। मंगलवार को ग्राम मुजगहन में सदस्यता अभियान को लेकर एक बड़ी बैठक आहूत की गई। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, आमदी मंडल प्रभारी कविंद्र जैन, आमदी मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान संगठन का महत्वपूर्ण कार्य है इसीलिए भाजपा इसे संगठन पर्व के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि



ग्राम मुजगहन के कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन से लगातार पार्टी का जनाधार बढ़ा है।

लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। कभी-कभी पार्टी कार्यकर्ताओं की अपेक्षा में पूरी तरह खरा नहीं उतर पाती लेकिन भारतीय जनता पार्टी देश की इकलौती ऐसी पार्टी है जिसके लिए राष्ट्र प्रथम है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत और अधिक सशक्त बने और आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भारत विश्व की महाशक्ति बने इसके लिए भाजपा का सशक्त होना जरूरी है।

ग्राम मुजगहन के कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे सदस्यता अभियान में दोगुने उत्साह से कार्य करेंगे और सभी बूथों में सदस्य संख्या दोगुनी करने का लक्ष्य लेकर घर-घर प्रवास करेंगे। इसका सीधा लाभ आने वाले त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भी पार्टी के प्रत्याशियों को मिलेगा। बैठक के बाद मुजगहन के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपीराम का गमछा पहना कर सम्मान किया गया। अतिथियों ने उन्हें सदस्य बनाकर गांव में सदस्यता अभियान की शुरुआत की। मौके पर मंडल महामंत्री अमन राव, शक्ति केंद्र प्रभारी देवनारायण गजेंद्र, डॉ रामायण साहू, अघनु राम साहू, गोपी राम साहू, पं. राजकुमार तिवारी, शिवशंकर साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, देवेश कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष संतोष साहू, बूथ अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, बूथ अध्यक्ष रूपचंद साहू, खिलेश्वर साहू, डेरहा यादव, नारायण सेन, ईश्वर सेन, रोशन पुरी गोस्वामी, मुरली सिन्हा, लखन सिन्हा, ओमप्रकाश सिन्हा उपस्थित थे।



**खरका में विराजे गजानन**

**नगरी।** खरका में नव गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है।

## उप पंजीयक सहकारी संस्था ने समितियों से मांगी पदों की जानकारी

**पुरी।** उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं धमतरी ने जिले के 74 समितियों से कुल रिक्त पद, भरे गए पद एवं शेष पदों की जानकारी मांगी है। नरेंद्र कुमार साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने बताया कि अब कई वर्षों से पदोन्नति का लाभ नहीं मिलने वाले कर्मचारियों में आस जागी है। संघ ने सभी प्रबंधकों से अपील की है कि मांगी गई जानकारी नियत समय में कार्यालय को प्रेषित किया जाए, ताकि कर्मचारियों को जल्द ही पदोन्नति का लाभ मिल सके।

## शारीरिक शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ छग शारीरिक शिक्षक संघ मुख्यमंत्री से मिला

छग शारीरिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री से डेलीगेशन कर शारीरिक शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की है। प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप सिन्हा, विजय रत्नाकर बताया कि पूर्व शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल से 14 मार्च को मेडिकल कॉलेज सभागृह में व्यायाम शिक्षकों को व्याख्याता शारीरिक शिक्षा बनाने के विषय में सार्थक चर्चा हुई थी। मुख्यमंत्री को बृजमोहन व्दारा सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग को लिखे पत्र से भी अवगत कराया गया।

प्रदेश के लगभग 160 प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में खेल गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक पद विकासखण्ड खेल अधिकारी का सृजन कर वरिष्ठता के आधार पर उनकी नियुक्ति की जाए। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। प्रांताध्यक्ष हरीश देवांगन ने मुख्यमंत्री के समक्ष व्यायाम शिक्षकों की 40 साल की पीड़ा को रखा।

## छग शिक्षक कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश सोनकर ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। रंजना साहू व्याख्याता शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी जिला कार्यकारी अध्यक्ष, मनोज साहू शिक्षक शिवसिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धमतरी जिला सचिव, विरेंद्र मारकंडे सहायक शिक्षक सेजेस बठेना जिला कोषाध्यक्ष, आशा ठाकरे शिक्षिका शासकीय माध्यमिक शाला दानीटोला जिला उपाध्यक्ष, वैभव रणसिंह शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हटकेशर जिला महासचिव, योगेंद्र देवांगन व्याख्याता शिवसिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी जिला संयोजक, राजकुमार सिन्हा व्यायाम शिक्षक जिला प्रवक्ता, जगत पतिदेव व्यायाम शिक्षक प्रिंट, डिजिटल एवं सोशल मीडिया प्रमुख ज्ञानेश्वर गौतम प्रधान पाठक एवं विजय बाघमरिया शिक्षक जिला सहसचिव, नवनीत पचौरी व्यायाम शिक्षक संगठन मंत्री एवं हुलास साहू सहायक शिक्षक कार्यालय सचिव बनाए गए।

इनकी नियुक्ति पर लता देवांगन, मनहरन सिंह भास्कर, हेमन लाल सोनी, जगदीश राम साहू, संतोष कुमार सेन, सुभद्रा कश्यप, देवेंद्र कुमार गौतम, आरती शिंदे, प्रमिला गजेंद्र, कार्तिक साहू, गौतम साहू, देवेंद्र कुमार कंवर, परमानंद साहू, तुकाराम ध्रुव, अश्वनी साहू, ज्ञानेश्वरी साहू, प्रेमराज भोई, योगेश यदु, योगेश लूनिया, घनश्याम साहू, गोविंदा गोपाल सिन्हा, कमलेश्वर ध्रुव, ज्ञानेंद्र गुप्ता, डिकेश पटेल ,रवि सेन, शंकरलाल जांगड़े, अनिल साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

## ज्ञान व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी : पीतांबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ कंडेल कॉलेज में शिक्षक दिवस मनाया गया

शासकीय माध्यमिक कंडेल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्वागत गीत मोनिका साहू बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्रस्तुत किया। मौके पर संस्था के प्राचार्य रविशदास ने कहा कि भारत गुरु शिष्य की अनोखी परंपरा से समृद्ध रहा है। प्रत्येक शिक्षक अपने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर प्रयत्न करता रहता है। उन्होंने कहा कि भारत को शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान रचने के लिए आवश्यक है कि हम अनुसंधान की ओर आगे बढ़े। सहायक अध्यापक पीतांबर सिन्हा ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। ज्ञान एक व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी होती है। जिसे जितना बटोरना चाहे कम लगता है और जितना बाटेंगे उतना ही बढ़ता जाता है।




मौके पर सहायक प्राध्यापक लक्ष्मीनारायण सिन्हा, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, कमलेश दीवान, नूतन दीवान, अतिथि व्याख्याता डॉ. ऋचा शुक्ला, डॉ. संगीता गोयल, मनुनारायण सारथी, साकेत गंगबेर, टाकेश्वर साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कीर्तन कुमार ध्रुव बीएससी प्रथम वर्ष ने किया।

## दरबा स्कूल में छात्राओं को साइकिल का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

शाउमावि दरबा में कक्षा 9वीं की छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष राम खिलावन साहू, सदस्यगण डॉ सुरेश साहू, जनक सपहा, राजेश कुमार लहरे, रामकुमार साहू, भोजराम साहू, दिनेश कुमार साहू, संस्था प्रमुख ओआर साहू, प्रभारी एलएस ध्रुव की उपस्थिति रही।

## कन्हारपुरी स्कूल में छात्राओं को दी गई साइकिल




**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्हारपुरी में शासन द्वारा चलाई जा रही सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत 10 छात्राओं को सरपंच, शाला विकास समिति के सदस्यों और शिक्षण स्टाफ ने साइकिल का वितरण किया।

## सेमरा में विश्व तेली दिवस पर हुआ खेलकूद

**नगरी।** ग्राम पंचायत सेमरा में विश्व तेली दिवस पर तीजहारिनों के लिए स्वस्थ मनोरंजन के लिए क्रीड़ा प्रतियोगिता रखी गई थी। रस्सी खींच, हंडी फोड़, कुर्सी दौड़ में सैकड़ों माताओं-बहनों ने भाग लिया। विजयी महिलाओं का सम्मान किया गया। मौके पर कृष्ण कुमार साहू, लोकेश साहू, नेहरूराम साहू, नीरज साहू आदि मौजूद थे।

**स्कूलों में स्वच्छता संबंधी स्लोगन, कविता, नुक्कड़ नाटक का होगा आयोजन**

# स्वच्छता ही सेवा अभियान : जिले में 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय स्तर पर हर साल दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस साल स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की दसवीं वर्षगांठ के तौर मनाया जा रहा है। इस अवसर पर स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान जिले में चलाया जाएगा, जिसमें दो अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा। कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) नम्रता गांधी के निर्देशानुसार 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत की जाने वाले वाली गतिविधियों में तीन मुख्य स्तंभ हैं-स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता जिसमें स्वच्छता लक्षित इकाई शामिल है और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर। इसके तहत वेस्ट टू बेस्ट आर्ट इवेंट, वॉल पेंटिंग, चिन्हांकित ब्लौक स्पॉट में श्रमदान, स्कूलों में स्वच्छता संबंधी स्लोगन, ग्रीटिंग कार्ड, कविता, नुक्कड़ नाटक, बाजार क्षेत्र में थैला वितरण, वृहद सफाई, टूरिस्ट स्पॉट एवं मंदिरों की सफाई, स्वास्थ्य कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पीपीई वितरण, बेस्ट स्वच्छता कर्मचारियों का सम्मान, सबसे स्वच्छ गणेश पंडाल वालों का सम्मान इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार करेलीबड़ी**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भः**- जिला **धमतरी** तहसील- मगरलोड प.ह.न.- 00005 **परसट्ठी** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- **RD202324590417900004**

**ईश्तहार**

तहसील **मगरलोड** के प.ह.न. 00005 के अंतर्गत ग्राम **परसट्ठी** के वर्तमान भूमिस्वामी **कबीर संस्थान नवापारा सर्व राकार अम्रतसाहेब पिता राम पिता/पति-सूरत पता-सा नवापारा** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 193/2 (1.2100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **कबीर संस्थान नवापारा सर्वराकार विचारदास पिता/पति रामसूरत पता- गोबरा नवापारा** के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/09/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय नायब तहसीलदार करेलीबड़ी** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार:**
**Chitrasen sahu**
**उप तहसील करेलीबड़ी**

## जागव-वोटर जाबो : गर्ल्स कालेज में लोकतंत्र की मजबूती में हर नागरिक का योगदान अनिवार्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम जागव-वोटर जाबो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य के निर्देश पर स्वीप प्रभारी प्रो. दानेश्वर साहू के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ डीआर चौधरी ने छात्रों को अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने और आगामी चुनावों में सक्रिय भागीदारी की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती में हर नागरिक का योगदान अनिवार्य है और छात्रों को इसे सही तरीके से निभाना चाहिए। इसके बाद प्राचार्य ने छात्राओं, प्राध्यापकों और कार्यालयीन स्टाफ को आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भय एवं लोभ से मुक्त होकर मतदान करने की शपथ दिलाई।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप



सीनेट सिटी गणेशोत्सव समिति रत्नाबांधा, धमतरी



### धूमा में भक्त कर रहे भगवान गणेश की आराधना

**सिर्री।** ग्राम धूमा में गौरी के लाल गणेशोत्सव समिति द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजन किया जा रहा है। इससे गांव में भक्ति का माहौल बना हुआ है। श्रद्धालुगण लुकेश कुमार, संजय साहू, टाकेश, गोपीचंद, कुलभूषण, मिथिलेश, टेमसिंग, चुनुलाल, नागेश, चुरेन्द्र, जिनेन्द्र, छबिलाल, चम्पेश्वर यादव, अजय यादव, श्रीचंद यादव, देव, लोकेश, मेघराज सहित अन्य भक्त भगवान गणेश की सेवा भक्ति में लीन है।

### मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश 30 तक

**नगरी।** पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि बिलासपुर द्वारा संचालित अध्ययन केन्द्र शासकीय सुखाराम नागे महाविद्यालय नगरी में स्नातक पाठयक्रम बीए हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत साहित्य, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, योग विज्ञान, बीकॉम, बीएससी गणित, बीबीए, बी.लिब एंड आईएससी, स्नातकोत्तर पाठयक्रम एमए हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी साहित्य, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, छत्तीसगढ़ी शिक्षा, एमकॉम, एमएससी गणित, कंप्यूटर साइंस, एमएस डब्ल्यू, पीजीडीसीए, डीसीए, डिप्लोमा कोर्स योग विज्ञान में प्रवेश 30 सितम्बर तक ले सकते हैं। यह जानकारी सहायक समन्वयक रोमनाथ चक्रधारी ने दी है।

### जल संरक्षण के लिए लोगों को किया प्रेरित

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि कोसमर्रा के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य चैतराम साहू एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव सोनबेर के मार्गदर्शन में जल जगार स्लोगन जल है तो कल है, के जरिए लोगों के जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

रू-ब-रू कार्यक्रम में शामिल हुए जिले के 22 स्कूलों के 27 विद्यार्थी

# परिस्थितियों को अनुकूल बनाकर मेहनत करने वालों को मिलती है सफलता : नम्रता





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का उपयोग कर विभिन्न विज्ञान मॉडल, रोबोट तैयार करने वाले जिले के बच्चों ने कलेक्टर नम्रता गांधी से उनके निवास पर भेंट की। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों द्वारा ई-वेस्ट से तैयार किए गए मॉडल्स को देखा और उनकी उपयोगिता और फायदे के बारे में चर्चा की। बच्चों ने अपने मॉडल्स को कलेक्टर के समक्ष प्रदर्शित कर उनके उपयोग करने की विधि और उनके फायदे में बारे में बताया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि परिस्थितियों को अनुकूल बनाकर मेहनत करने वालों को सफलता जरूर मिलती है। बच्चे न केवल शैक्षणिक गतिविधियां बल्कि खेल, कला, पेंटिंग, नृत्य, नाटक सहित अन्य सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में भी भाग लें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई का बोझ बच्चे अपने ऊपर न लें, अपने अनुभवों को अपने माता-पिता, गुरूजनों और मित्रों से भी साझा करें, ताकि हर मुश्किल का आसानी से हल निकाला जा सके।

### महापुरूषों की जीवनी का करें अनुसरण

कलेक्टर ने कहा कि अच्छे दोस्त बनाने के साथ ही अच्छी प्रेरणास्पद कहानियां, महापुरूषों की जीवनी का भी अनुसरण करें। कितनी भी मुश्किल आ जाए पढ़ाई नहीं छोड़ें और निरंतर आगे बढ़ते ही रहें। बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल्स में टॉय फेन, ड्रीम गर्ल डेकोरेशन, स्मार्ट एरिगेशन, वेडिंग मसीन, सोलर पॉवर बैंक, रूम हीटर, गर्ल्स सेफ्टी मशीन, मच्छर मारने का यंत्र, आभूषण, मिश्री कटर, रोड सेफ्टी बस, भूकम्प मापी यंत्र, चलित वॉक्यूम क्लीनर, फायर अलार्म, वाकर, पेन होल्ड, वेस्ट मटेरियल से बिजली उत्पादन, वॉटर प्यूरीफायर, सेफ्टी सिक्योरिटी सिलेक्शन इत्यादि शामिल हैं।

### काफी कुछ सीखने को मिला

भोथली स्कूल के कक्षा 11 वीं छात्र डिकेश बंजारे ने बताया कि कलेक्टर से मिलकर उन्हें काफी कुछ सीखने और समझने को मिला है। सेजेस कुरूद की कक्षा 11 वीं की विद्यार्थी स्मृद्धि ने कहा कि हर विद्यार्थी को इस तरह के कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलना चाहिए, जिससे आगे बढ़ने में सहायता और प्रोत्साहन मिलता है। हसदा नं.1 स्कूल के कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी पुष्पेन्द्र साहू, फरसियां स्कूल के पुस्कर साहू और हरदीभाठा नगरी स्कूल के कक्षा दसवीं के विद्यार्थी लोकेश कुमार ध्रुव ने भी रू-ब-रू कार्यक्रम के जरिए उन्हें मिले अनुभवों को साझा किया।

### इन स्कूलों के विद्यार्थी शामिल हुए

रू-ब-रू कार्यक्रम में जिले के 22 स्कूलों के 27 विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी के क्षितिज साहू, सेजेस बठेना के रूद्रप्रदाप सिंग, केन्द्रीय विद्यालय के पुष्कर साहू, सेजेस गुकुलपुर के जयंत प्रजापति, सेजेस कुरूद के अविरल माला, शासकीय उच्चतरत माध्यमिक विद्यालय मंदरौद के लक्ष्य सिन्हा, सेजेस चर्रा की प्राची, शासकीय माध्यमिक शाला संकरी के युवराज, शासकीय माध्यमिक स्कूल गुदगुद्धा की तृप्ति, सरगी के कुलेश्वर पटेल, सेजेस मगरलोड की निकिता साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा के अंकित हलधर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड की कुमारी प्रिया, फरसियां के खेमन साहू, सेजेस नगरी की विभा, पायल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा के भावेश पटेल, हितेश कुमार, शिवसिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी की प्रिया और बबीता शामिल है। कार्यक्रम में डीईओ टी.आर.जगदल्ले सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## विधायक ओंकार ने विंध्यवासिनी माता मंदिर में की पूजा-अर्चना



■ एग्जेक्ट फाउंडेशन में मनाया अपना जन्मदिन, मरार पटेल समाज ने सब्जियों से भरी टोकरी भेंट की



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने अपने जन्मदिन पर विंध्यवासिनी माता मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर व अंगारमोती मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। धमतरी विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने विधायक निवास रुद्री में उनके जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। मरार पटेल समाज के सामाजिकजनों ने अपने समाज के सब्जी उत्पादन के मूल व्यवसाय व संस्कृति से विधायक को अवगत कराते हुए उन्हें टोकरी में सब्जियां भेंट की। कार्यकर्ताओं, अधिकारियों, सभी समाज प्रमुखों ने विधायक निवास रुद्री पहुंचकर विधायक को गुलदस्ता, साफा भेंटकर व मिठाई खिलाई। राजीव भवन में भी जन्मदिवस सेलिब्रेशन कार्यक्रम रखा गया था। एग्जैक्ट फाउंडेशन रुद्री के एक दिव्यांग बच्चे जिसके हाथ नहीं हैं, उन्होंने विधायक को अपने पैर से गुलदस्ता पकड़ाया। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, निगम महापौर विजय देवांगन समेत एनएसयूआई, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता, सरपंचगण उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने भी विधायक श्री साहू को जन्मदिन की बधाई दी है।

## नर्सिंग कालेज में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के दौरान रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग लिमतरा धमतरी की छात्राओं एवं प्रशिक्षकों द्वारा पोस्टर, बनर, पाम्पलेट, रंगोली एवं नाटक कला थीम के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम जिला चिकित्सालय मेंआयोजित किया गया। प्राचार्य संजय कुमार लाल ने बताया कि यह एक वैश्विक जागरूकता अभियान है, जिसका उद्देश्य आत्महत्या को रोकने के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष की थीम चेंजिंग द नरेटिव आन सुसाइड है जो आत्महत्या और इसकी वजह के बारे में खुलकर बात करने के महत्व पर प्रकाश डालता है ताकि इसके मामलों को कम करने में मदद मिल सके।

## गोकुलधाम कॉलोनी में गणेश उत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गोकुलधाम एवं बालॉजी कालोनी गणेश उत्सव समिति द्वारा प्रतिदिन सुबह शाम गणेश की आरती कर प्रसाद का भोग लगाया जाता है। यहां गणेश उत्सव की धूम मची है। भक्तगण रोजाना आरती में शामिल हो रहे हैं। हुकमचंद सिंघल, राजेन्द्र श्रोती, गुरुनाथ राव, मांगीलाल राठी, सगुन पटेल, जगदीश मेहता, सुरेश मेहता, सुरेश राठौर, यशवंत राव रघाटाटे, बजरंग अग्रवाल, विनीत राठौर, श्रीचंद वाशानी, प्रकाश वाशानी, दीपक नायडू, तरुण नायडू, प्रशांत पटेल, हिमेश मेहता, विक्की रघटाटे, कानाराम, गुलशन कुमार, भारती नायडू, प्रेमलता सिंघल, किरण राठी, रेखा मेहता, ओमलता पटेल, नेहा वाशानी, आशा गुप्ता, ज्योत्सना मेहता, हेमलता रघटाटे, नेहा पटेल, प्रेम चौधरी, राधा अग्रवाल, भावना जसवाल, राजश्री शर्मा, वंदना शर्मा, बीना नायडू, शोभा राठौर, अवनी वाशानी, रीता मेहता, मीनल गुप्ता, ख्याति मेहता गणेशोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।



## जिला स्तरीय ताईक्वांडो चयन प्रतियोगिता हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शाउमा विद्यालय संबलपुर में 9 सितंबर को जिलास्तरीय ताइक्वांडो चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शाउमावि संबलपुर के अलावा शिवसिंह वर्मा आदर्श कन्या विद्यालय धमतरी, बारना, रांवा, सिलौटी, थुहा कुरूद के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागी के रुप में भाग लिया। चयनित छात्र छात्राएं 19-20 सितंबर को क्षेत्रीय प्रतियोगिता मठपुरैना रायपुर में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता संस्था के प्राचार्य शैलेन्द्र तरार एवं व्यायाम शिक्षक ओंकार पटेल के दिशा निर्देशन में हुई। इसमें व्यायाम शिक्षक जगतपति देव, निर्मला सिन्हा, घनश्याम ध्रुव, राजेश बंजारे, महेश नाग, शिक्षक संतोष ध्रुव, विवेक मैत्रेय, लुकेश्वर पटेल, हिरमेंद्र निर्मलकर, चंदन यादव, डिम्पल देवांगन का विशेष सहयोग रहा।

## छात्राध्यापकों को मानसिक तनाव से बचने के उपाय बताए



**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 13 सितम्बर तक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में डिप्लोमा एलीमेंटरी के द्वितीय वर्ष के 100 छात्राध्यापकों को यूनीसेफ एवं जिला चिकित्सालय धमतरी के सहयोग से प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कक्षा में शिक्षक और बच्चों द्वारा मानसिक तनाव से बचने के उपायों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही रोचक एवं विभिन्न नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से समझाइश दी गई। इस मौके पर धमतरी के जिला सलाहकार डॉ.श्रीकांत चन्द्राकार, कांकेर जिला सलाहकार रम्या कौशिक और दंतेवाड़ा जिला सलाहकार श्रुति प्रसाद ने सभी छात्राध्यापककों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के बाद शाला अनुभव के दौरान प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूल के बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देकर जागरूक करेंगे। इस अवसर पर डाइट के संकाय सदस्य डीके साहू, पीएसटी प्रभारी बीएम गजेन्द्र, नरेंद्र देवांगन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

6 सूत्रीय मांगों को लेकर बूढ़ातालाब रायपुर में आवाज बुलंद करेंगे

## नगरीय निकाय कर्मचारी 18 से 20 तक हड़ताल पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

6 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरीय निकाय कर्मचारी 18 से 20 सितंबर तक हड़ताल करेंगे। कर्मचारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में हमेशा की तरह ही वेतन व अन्य समस्या बनी हुई है। वर्तमान में कई नगरीय निकायों में 2 से 3 माह का वेतन भुगतान लंबित हैं। इस संबंध में कर्मचारी हित में 6 सूत्रीय मांग को लेकर संचालक, सचिव व विभागीय मंत्री को कई बार पत्र लिखा गया है। उनकी मांगों में नगरीय निकायों के कर्मचारियों को प्रतिमाह की 1 तारीख को वेतन भुगतान ट्रेजरी के माध्यम से सुनिश्चित हो, नगरीय निकायों में अन्य विभाग की भांति ओल्ड पेंशन योजना शीघ्र ही लागू की जाए, सामान्य प्रशासन विभाग एवं वित्त विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आदेश जिस तिथि से जारी हो उस तिथि से आदेश नगरीय निकायों में पूर्णतः लागू हो। नगरीय निकायों में मृतक कर्मचारी के परिवारों को शीघ्र ही संभाग स्तर पर रिक्त पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए। नगरीय निकायों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों को 12 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर रिक्त पद पर पदोन्नति दी जाए। नगरीय निकायों में ठेका पद्धति समाप्त करते हुये प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगरीय निकाय के माध्यम से वेतन भुगतान किया जाए। 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले निकाय के दैनिक वेतनभागी कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। नगरीय निकायों के कर्मचारियों को 6वें व 7वें वेतनमान की एरियर्स की राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ की बैठक 4 सितम्बर में लिये गये निर्णयानुसार नगरीय निकायों के सभी कर्मचारी 18 से 20 सितंबर तक तीन दिवसीय हड़ताल बूढ़ातालाब रायपुर में करेंगे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन आज निकालेगा मशाल रैली

**धमतरी।** छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों का आंदोलन जारी है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला प्रवक्ता खुमान सिंह ठाकुर ने बताया कि केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवं देय तिथि से लंबित डीए एरियर्स, चार स्तरीय वेतनमान, केंद्र के समान गृह भाड़ा भत्ता, 240 दिन के स्थान पर 300 दिन अर्जित अवकाश नगदीकरण को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। तीसरे चरण के आंदोलन के तहत आज 11 सितंबर बुधवार को ब्लॉक, जिलों में मशाल रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिले में मशाल रैली मां कर्मा चौक गोकुलपुर धमतरी से कलेक्टर कार्यालय के लिए दोपहर 2 बजे रवाना होगी एवं कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन देंगे। चंदूलाल चंद्राकर जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कर्मचारी संघ से उपस्थिति की अपील की है।

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ की कार्यकारिणी की बैठक हुई

# स्काउट-गाइड अनुशासन का दूसरा नाम : टीआर जगदल्ले

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ की कार्यकारिणी एवं परिषद की बैठक टीआर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी, चेतन हिंदूजा जिला मुख्य आयुक्त के मार्गदर्शन एवं गणेश साहू जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता तथा डीके साहू जिला सचिव के नेतृत्व में हुई। डीके साहू जिला सचिव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का परिचय कराया। जिला मुख्य आयुक्त के मार्गदर्शन में कार्यकारिणी के महत्वपूर्ण पदों पर मनोनयन किया गया। संयुक्त जिला सचिव के रूप में हिना भेंसले तथा सहसचिव के रूप में टिकेश्वर प्रसाद पांडेय की नियुक्ति हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए डीईओ श्री जगदल्ले ने कहा कि स्काउट गाइड अनुशासन का दूसरा नाम होता है। पदाधिकारी और कार्यकारिणी परिषद के सदस्य आपसी सहयोग से बच्चों के हित में कार्य करेंगे। कार्यालय का पूरा सहयोग पहले भी था और हमेशा रहेगा। भविष्य में प्रयास करेंगे कि स्काउट गाइड हेतु अलग से भवन एवं कार्यालय भी हो। चेतन हिंदूजा ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की यह संस्था पूर्ण रूप से निःस्वार्थ सेवा भाव से समाज के विभिन्न आयामों, कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों को वास्तविक रूप से धरातल पर अवसर प्रदान करता है।

हिरेंद्र साहू आजीवन सदस्य प्रतिनिधि ने कहा कि आपसी तालमेल और सहयोग के साथ स्काउटिंग की गतिविधियों का संचालन किया जाए।

बैठक का संचालन जिला सचिव धर्मेंद्र साहू तथा आभार व्यक्त लक्ष्मणराव मगर ने किया। बैठक में एलआर चौधरी सहायक संचालक, वनिता मगर, यशोदा सोनकर, गजानंद साहू, कृष्णा साहू, जितेन्द्र साहू, परमेश्वर साहू, सोमन साहू, पारखदास मानिकपुरी, प्रतिनिधि डीओसी स्काउट नेमलाल गंगेले, डीओसी गाइड मंजूषा साहू, मनीष ध्रुव विखं शिक्षा अधिकारी मगरलोड, अमित तिवारी विखं शिक्षा अधिकारी धमतरी, वरिष्ठ स्काउटर भारत साहू, हनुमानसिंह वर्मा, जीवन साहू, टिकेश्वर प्रसाद पांडेय, मानसिंह कपूर, सोहन साहू, दौलत देवांगन, योगेंद्र साहू, गणेश्वर साहू, दुर्वेद्र मांडवी, नीलकमल साहू, गाइडर शशि बंसोर, रजनी जगताप, ललिता पटेल, उर्मिला ध्रुव, रीना सोनी, हिना भेसले उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024, 27 अप्रैल से 11 मई 2025
02 मई से 16 मई 2025
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411